संक्षिप्त

माली सैनी महासभा का समारोह हुआ

फुलेरा । कस्बे के रिद्धि सिद्धि कॉलोनी स्थित मां भगवती नगर के स्वास्तिक पैराडाइज गार्डन में रविवार को राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का फुलेरा तहसील का कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह संगठन महामंत्री भवानी शंकर माली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत यतीश फुले रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुभव चंदेल, बहादुर मल सैनी, सुनील सैनी, एडवोकेट सीताराम सैनी, जगदीश सैनी बांसा, कमला सैनी, काजल सैनी, नवरतन सैनी, हनुमान सैनी लाड़का, गणेश सैनी रहे। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों का महासभा फुलेरा के तहसील अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी द्वारा माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसके बाद कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सहमति जताई। इस अवसर पर फुलेरा माली सैनी समाज के अध्यक्ष तेजकरण सैनी, महा सचिव शेषनारायण सैनी, महामंत्री कमलेश सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

विधायक बंशीवाल आज करेंगे सड़कों का शिलान्यास

सिकराय। विधायक विक्रम बंशीवाल आज 748.56 लाख की लागत से निर्माण होने वाली सड़कों का फीता काटकर शिलान्यास करेंगे। विधानसभा संयोजक रामोतार कसाना ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 748.56 लाख रुपयों की लागत से सड़कों का निर्माण करवाया जायेगा । जिसमें अटल प्रगति पथ बस स्टैंड गीजगढ़ से जयसिंहपुरा तक ,गीजगढ़ से बुड़ल्या बैरवा ढाणी , व गिलाड़ी सड़क मार्ग,अटल प्रगति पथ सिकंदरा गांव से साहूपाड़ा की ओर व सिकंदरा से बुर्जा ढाणी तक व सम्पर्क सड़क जयसिंहपुरा का फीता काटकर शिलान्यास करेंगे, रविन्द्र बैरवा मुरलीपुर ने बताया कि विधायक विक्रम बंशीवाल सिकंदरा गांव में 12 बजे खादी ग्रामोद्योग के पास व 2 बजे गीजगढ़ बस स्टैंड पर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर सड़कों का शिलान्यास करेंगे।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर कल

पीपलू। किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी बनाने को लेकर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन हो रहा है। तहसीलदार कैलाशचंद्र मीणा ने बताया कि पीपलू पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम नाथड़ी व गहलोद में 10 से 12 फरवरी तक तीन दिवसीय शिविर आयोजित होगा। साथ ही बगड़ी हाडीकलां में 13 से 15 फरवरी, जवाली, डोडवाड़ी, राणोली, बगड़वा में 17 से 19 फरवरी, काशीपुरा, झिराना, बनवाड़ा, कठमाणा में 20 से 22 फरवरी, प्यावड़ी, चोगाई, पासरोटिया में 3 से 5 मार्च, कुरेड़ा, संदेड़ा, नानेर, बोरखंडीकलां में 6 से 8 मार्च, निमेड़ा, डारडातुर्कान, सोहेला, लोहरवाड़ा में 10 से 12 मार्च तक शिविर आयोजित होंगे। शिविर में किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल जिससे आधार जुड़ा हुआ हो, जमाबंदी की नकल लेकर आना होगा।

अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर दोनों के चालकों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि बरोनी थाना के सामने नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी भरे हुए 2 ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया और ट्रैक्टर चालक दिलखुश पुत्र राजाराम गुर्जर व रामखिलाडी पुत्र भंवरलाल बागरिया दोनों निवासी मवासीपुरा को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रैक्टर ट्राली में करीब चार-चार टन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आधारभूत विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल

टोंक/मालपुरा। "जनप्रतिनिधि आपके द्वार" के तहत जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र टोडारायसिंह व मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के दौरे पर रहे लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों को देर शाम तक दौरा कर ग्रामीणों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को सुना। साथ ही, पात्र लोगों को आवासीय पट्टे सौंपकर तथा कचरा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल शर्मा, विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामचंद्र गुर्जर समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री चौधरी ने विधानसभा क्षैत्र मे की जनसुनवाई।

जनसुनवाई के दौरान चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याएं लिखकर दें, और उसमें अपना नाम व मोबाईल नंबर भी दर्ज करें, ताकि आपको आगामी 15 दिन में फोन से तथा लिखित में सूचना दी जा सकें। उन्होंने कहा कि विधि सम्मत कार्य किए जाएंगे। जलदाय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण नियत समय पर करें, तथा नहीं हो सकने वाले काम का कारण उसे लिखित में बताएं। पात्र लोगों को कार्यालय के चक्कर नहीं कटवाएं। ऐसे लापरवाह अधिकारियों व कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **कैबिनेट मंत्री ने डेढ दर्जन गांवो मे जनसुनवाई कर समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण**

चौधरी ने कहा ग्रामीण प्राथमिकता के आधार पर काम बताएं ताकि आगामी 4 साल में क्षेत्र का विकास चरणबद्ध रूप से किया जा सकें। उन्होंने कहा कि राजमहल, बोटूंदा, कंवरावास, सालग्यावास में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या के समाधान के लिए 21 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है। इसे शीघ्र ही धरातल पर उतारा जाएगा। इस पर चारों ग्राम पंचायतों के लोगों ने जलदाय मंत्री का आभार जताया।

जलदाय मंत्री ने थड़ोली, बोटूंदा समेत अन्य गांवों में कचरा पात्र गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि गांव में साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है। इससे हम कई बीमारियों से बचे रहते है। जलदाय मंत्री ने बोटूंदा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को आवासीय पट्टे सौंपे। वे थड़ोली ग्राम पंचायत में खेत में काम कर रही लाली देवी की करंट लगने से मौत होने पर उसके घर भी गए। जहां शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जलदाय मंत्री चौधरी ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना, मां वाउचर योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना समेत अन्य जनकल्याणकारी योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

संकीर्तन व सत्संग में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। चिंताहरण गणेश मंदिर में हरिनाम संकीर्तन व सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग समिति के प्रवक्ता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि चारभुजा नाथ मंदिर स्थित श्री सनातन धर्म सत्संग मंडल के तत्वावधान में चिंताहरण गणेश जी के मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाव विहोर होकर संगीतमय हरिनाम संकीर्तन किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम हरिनाम संकीर्तन के आयोजक मीठालाल शर्मा व दामोदरप्रसाद शर्मा ने गणेश जी व स्वामीजी महाराज का विधिवत पूजा-अर्चना करके हरीनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया।

हरिनाम संकीर्तन के बाद महाआरती करके प्रसादी का वितरण किया गया। सत्संग में दीनदयाल शर्मा, ओम शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, नाथूलाल शर्मा, कैलाशचंद शर्मा, हनुमान शर्मा, हनुमान पारीक, बद्री पारीक, रामबाबू भाची, सुरेशचंद विजय व कजोड़ शर्मा सहित कई सत्संग सदस्य मौजूद थे।

'समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति आगे आए'

निवाई। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण तहसील महासभा, विकास समिति व सम्मेलन समिति निवाई के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं भामाशाहों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड़, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमलेश बड़वास, तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, सम्मेलन अध्यक्ष महेंद्र जांगिड़ व विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ रहे।

जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड़ ने कहा कि समाज के विकास में भामाशाह अपनी भागेदारी निभाएं। समाज मे बालिका शिक्षा का उत्थान हो। जिसके लिए जागृति लाने के लिए सभी

भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर आयोजित समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।

पदाधिकारी प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि समाज का हर व्यक्ति समाज के विकास में भागेदारी निभाएं। समाज के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है।

मीडिया प्रभारी मनीष जांगिड़ बहकवा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करके किया। समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया साथ ही पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में तन मन धन से सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं व भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

भजन सत्संग का आयोजन

नारायणपुर । कस्बे के मानसरोवर जोहड़ पर स्थित नव निर्मित विश्वकर्मा मंदिर में 10 फरवरी को होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भजन-सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेतन शर्मा एंड पार्टी द्वारा भक्तिमय भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई, जिसमें भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमते हुए भक्ति रस का आनंद लिया। समारोह अध्यक्ष रतन लाल जांगिड़ ने जानकारी दी कि 10 फरवरी को विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।भजन-सत्संग कार्यक्रम में बंशीधर जांगिड़, देवेन्द्र, रामावतार, शांति लाल, घनश्याम, चौथमल, गिर्राज, कांतिलाल, बुद्धाराम, रामकरण, राजेंद्र प्रसाद, सुनील, गोपाल, राजेश, तहसील अध्यक्ष लोकराम, प्रदीप जांगिड, रमेश, ललित, बसंती लाल सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुई।

'फिट अलवर के साथ ई-लाइब्रेरी की सुविधा बनाएंगे'

अलवर। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया हिट इंडिया से अभिप्रेरित होकर अलवर सांसद खेल उत्सव अलवर(-) का आयोजन कराया गया जिसके अन्तर्गत अलवर टाइगर मैराथन का प्रताप ऑडिटोरियम से झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। अलवर टाइगर मैराथन के अंतर्गत आयोजित 21 किलोमीटर

- **अलवर संसदीय क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के लिए 100 ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी**

हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर मैराथन, 5 किलोमीटर शक्ति रन एवं 2 किलोमीटर पैरा मैराथन में उत्साह एवं उमंग के साथ हजारों की संख्या में अलवर जिले सहित देशभर के प्रसिद्ध धावकों ने हिस्सा लिया।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवन्त सिंह, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर,जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला,

अलवर में मैराथन दौड़ लगाते धावको का उत्साह वर्धन करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

मेजरडी.पी. सिंह, ब्रिग्रेडियर मिलिंद व्यास, बिग्रेडियर आदित्य कनवाल, एसएसबी के डीआईजी संजीव यादव, आईटीबीपी के डीआईजी संजय कोठारी, पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन, पुलिस अधीक्षक भिवाडी श्रीमती ज्येष्ठा मैत्री, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष चौधरी व अन्य प्रबुध व्यक्तियों ने मैराथन में विभिन्न श्रेणियां में विजेता एथलीटों को मेडल के साथ नगद सम्मान राशि से पुरस्कृत किया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा अलवर सांसद खेल उत्सव के भव्य समापन के अवसर पर अलवर टाइगर मैराथन के सफल आयोजन के लिए मैराथन में देशभर से पधारे बेहतरीन एथलेटिक्स, पैरामिलिट्री व पुलिस फार्स, कॉर्पोरेट, जिला प्रशासन, दिव्यांगजन व जिले के सुदूर गांव से लेकर शहर तक के वासियों की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्र में हजारों खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रत्येक विधानसभा स्तर पर खेल उत्सव में लगभग 10 हजार सक्रिय लोग भागीदार बने है। उन्होंने कहा इस आयोजन का उदेश्य स्वस्थ अलवर स्वच्छ के साथ अलवर को पर्यटन व खेल के क्षेत्र में विश्व पटल पर लाना है। यह खेल महाकुंभ अगले साल भी आयोजित होगा।

आवासीय क्षेत्र में लगे अवैध सर्विस सेंटर को हटाने की मांग

अलवर। अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत अलवर में इन दिनों चरितार्थ हो रही है आम नागरिक अपनी परेशानियों से बचने के लिए विभागों के चक्कर लगा रहे है लेकिन सरकारी विभाग है कि जो उन पर कोई कार्यवाही नही करते या फिर शिकायती पत्रों को दबा कर बैठ जाते है।

इसका जीता जागता उदाहरण अलवर-रामगढ रोड पर देखने को मिल रहा है बेलाका कॉलोनी निवासी रामफल एमपी पटेल ने आवासीय क्षेत्र में चल रही इकाई मारूति सर्विस सेंटर के खिलाफ एक पत्र प्रदूषण विभाग को 6 दिसंबर 24 को दिया, रिहायशी क्षेत्र में मारूति सर्विस सेंटर के नाम से एक इकाई खुली हुई जिसमें गाड़ियों की धुलाई,डेंटिग व पेंटिंग का काम किया जा रहा है दिन भर यहां सैकड़ों वाहनों की धुलाई होती है जिससे अण्डर ग्राउण्ड नाला जाम हो जाता है। वही रंगों के निकलने वाली जहरीली हवा से यहां का वातावरण दूषित रहता है जिससे यहां के निवासियों को सांस लेने में काफी तकलीफ होती है जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है और ये इकाई प्रदूषण विभाग की अनुमति के बिना लगी है जिन्हें यहां से तुरंत हटवाया जाए जिससे यहां का वायु प्रदूषण ठीक होगा।

- **प्रदूषण विभाग ने माना बिना अनुमति से चल रहे सर्विस सेंटर को क्षेत्र से हटाने के लिए निगम को लिखा**

प्रदूषण विभाग ने इस शिकायती पत्र पर कार्यवाही करते हुए इसे बिना अनुमति संचालित होना बताया और इसे तुरंत प्रभाव से इस क्षेत्र से स्थानांतरित करने के लिए नगर निगम आयुक्त को स्मरण पत्र 10 दिसंबर 24 को लिखा इस इकाई को तुरंत बंद करवा कर शिकायतकर्ता को सूचित करे। लेकिन आज दो महीने के बाद भी अभी तक नगर निगम ने इस इकाई पर कोई कार्यवाही अमल में नही लाई गई नगर निगम की इस ढुलमुल नीति के चलते यहां के सैकड़ों निवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड रहा है अगर समय रहते उक्त इकाई को यहां से नही हटवाया गया तो यहां के वाषिंदों को कोर्ट की शरण लेनी पडेगी ऐसा षिकायत कर्ता का कहना है। इस संदर्भ में जब मारुति सर्विस सेंटर के मालिक से उनका वर्जन जानने के लिए फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

साधकों ने पुष्कर सरोवर के दर्शन किए

सांभरझील। आध्यात्मिक गुरु शिव कृपानंद स्वामी समर्पण ध्यान केंद्र के स्थानीय साधकों के एक दल ने रविवार को समर्पण ध्यान केंद्र अरड़का (किशनगढ़) में सामूहिक ध्यान शिविर में भाग लिया। साधु कोनी मंगल मूर्ति के समक्ष ध्यान कर सभी के लिए परमात्मा से आध्यात्मिक सर्वांगीण उन्नित हेतु प्रार्थना की। केंद्र के प्रबंधक से करीब आधा घंटा आध्यात्मिक चर्चा कर कॉन्सेप्ट क्लियर किए।

सांभर ध्यान केंद्र के प्रमुख कैप्टन डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा के सानिध्य में नारी शक्ति ने भी इसमें भाग लिया। ध्यान योग शिविर में सैकड़ो की तादाद में साधकों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया तथा केंद्र पर गुरु निमित्त सेवा कर योगदान दिया। इसके पश्चात साधकों के दल ने ब्रह्मा मंदिर व पुष्कर सरोवर के दर्शन किए तथा ब्रह्मा मंदिर में इस दौरान सभी साधकों ने परमात्मा से प्रार्थना कर सर्वांगीण उन्नित के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर साधक विनोद दुलारिया, रवि सांभरिया, सुनील सांभरिया, अमित माथुर, पूर्व पार्षद नीतू सांभरिया सहित अनेक साधकों ने आध्यात्मिक शिविर में भाग लिया।

गाँव-ढ़ाणी का विद्यार्थी पढ़-लिखकर मुख्य धारा में हो शामिल : पटेल

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम पूरण नगर स्थित पीएम श्री योजना चयनित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि पीएम श्री योजना के तहत विधालय में बनाये गये बाल वाटिका कक्षा कक्ष मय बरामदा का बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर एवं पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। अपने सम्बोधन में पटेल ने कहा कि केन्द्र हो या राज्य सरकार सभी का लक्ष्य है कि गाँव-ढ़ाणी के छात्र-छात्रा भी अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर वर्तमान युग में शहरी परिवेश के विधार्थियों से प्रतिस्पर्धा कर सकें। पीएम मोदी के देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद पुरे भारत की शैक्षणिक व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आये है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये केन्द्र हो या राज्य सरकार अनेकों योजनायें लाई गई है।

पटेल ने कहा कि शिक्षा के लिये

विधायक हंसराज पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

साधन व संसाधन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। प्रधानाचार्या सुनीता चौधरी ने विधालय में इन्टरलॉक टाईल्स, अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण व पेयजल हेतु बोरिंग की मांग की। जिस पर विधायक पटेल ने जल्द से जल्द पुरा किये जाने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता सीबीईओ भागीरथ मीणा ने की। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम में छात्रा मीना, निशु, आशिका ने स्वागत गीत पर लोक नृत्य एवं छात्रा रीना व सकीना ने शिक्षा के

- **पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय पूरण नगर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन**

महत्व पर लोक नृत्य की प्रस्तुती दी। इस दौरान प्रतिभावान विधार्थियों के साथ-साथ विधालय विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों को भी प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। संचालन विधालय स्टॉफ सदस्य जयचंद गुर्जर व रणवीर सिंह रावत ने किया। इस मौके पर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पुष्करमल रावत, ओमी लताला, संदीप सराधना, दयाराम गुर्जर समेत एसडीएमसी कमेटी सदस्य, स्टॉफ सदस्य, ग्रामीण, अभिभावक व विधार्थी मौजूद रहे।

सार-समाचार

दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

फुलेरा । कस्बे की बिचून सड़क के निकट स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में रविवार को विश्वकर्मा जयन्ती महोत्सव का 2 दिवसीय शुभारम्भ झण्डारोहण के साथ शुरू किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के सी पी त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान भगवान श्री विश्वकर्मा का अभिषेक प्रेम प्रकाश जाला के द्वारा किया गया। इसके बाद झण्डारोहण बूंदवाल परिवार के द्वारा किया गया। वहीं महिलाओं व बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी क्रम में सायंकाल भगवान का विशेष श्रगांर एवं रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष गुलाब चन्द हरसोलीया, मन्दिर समिति के अध्यक्ष यादराम कोतुकथलिया, मंत्री चन्द्र कांत लावंडीवाल, मांगी लाल, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सोहन लाल जाला, शांति लाल, छगन लाल धामा, कृष्णकांत जाला, मुरारी लाल, मोहन लाल सावड, विनोद कुमार, गुलाब रावत, सुरेश कुमार, महेश कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

सार्वजनिक कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ

आमेर । ग्राम खोरा मीणा, आमेर में एवीडीसी खोरा मीणा द्वारा सार्वजनिक कोचिंग क्लासेस का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कोचिंग सेंटर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और अपनी शैक्षिणक जरूरतों को पूरा कर सकें। इस कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए गणित, रीज़निंग, सामान्य ज्ञान और अंग्रेज़ी की कक्षाएँ लगाई जाएँगी। यहाँ विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। मुख्य अतिथि रमेश माल्या जी, मालिक गोविंदम एनक्लेव खोरा मीणा ने फीता काटकर इस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया । इस शुभ अवसर पर गुलाबजी पटेल, दामोदर जी, गुलाब जी वार्ड पंच, प्रेम प्रकाश जी, गोपाल जी, रामसहाय जी, रामचंद्र जी, लालाराम जी सहित ग्रामवासियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और इस पहल की सराहना की। इस कोचिंग सेंटर के उद्घाटन से गाँव के विद्यार्थियों को घर के पास ही बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने भविष्य को संवार सकें।

विशाल भजन संध्या का आयोजन

टोंक। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नवीन जिनालय माणक चौक पुरानी टोंक में शनिवार रात्रि दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज एवं बिलासपुरिया परिवार द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया कार्यक्रम संचालक अक्षत किट्टू जैन ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष चंद्रशेखर एवं पिंकी जैन द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, मंगलाचरण के रूप में वैभव सोनी ने णमोकार महामंत्र की महिमा पर भजन प्रस्तुत किया। चेतन बिलासपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम के लिए नवीन जिनालय को आकर्षक फ्लावर एवं डेकोरेशन से सजाया गया मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान पार्श्वनाथ की विनाइल की प्रतिमा रही, जिसे देखकर भक्त भाव विभोर हो गए कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज नरेश बंसल जिला प्रमुख टोंक ने की तथा इस दौरान अजीत सिंह मेहता पूर्व विधायक मुख्य अतिथि रहे, अतिथियों का रमेश छाबड़ा शैलेंद्र जैन, सुरेंद्र एडवोकेट अशोक जैन ने माला एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

पालकी यात्रा का स्वागत

श्रीमाधोपुर । हरे कृष्ण भक्त मंडल अजीतगढ़ ने कस्बा अजीतगढ़ के मुख्य धार्मिक स्थल बिहारी जी मंदिर से महंत राम अनुग्रह दास जी , राघव पंडित दास प्राणभल्लभ प्रभू, रघुपति प्रभू, तुष्ट गोविंद प्रभू के सानिध्य में गोविंद गढ़ हरे कृष्ण केंद्र के तत्वावधान में जगन्नाथ पालकी यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। विप्र सेना कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिनेश गोविंद शर्मा ने कहा कि हरे कृष्ण का उच्चारण जीवन को परम सुख देकर उपकृत करने वाला है।आध्यात्मिक चेतना के लिए इस प्रकार के आयोजन आज की महती आवश्यकता है। पालकी यात्रा कौशल्या दास जी के मंदिर अजीतगढ़ से सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने सेडमाता मंदिर, श्याम मंदिर, ढाब मार्केट, सेन्ट्रल बैंक, सहकारी समिति,नगर पालिका, मोदी मीनार, दीवान होटल, जीण माता मंदिर, इच्छापूर्ण बड़ वाला बालाजी धाम, संध्या गोविंद रत्न प्लाजा, मुख्य चौपड़ बाजार होते हुए नृसिंह बिहारी जी मंदिर पहुंची।यात्रा का नगरवासियों और विभिन्न संगठनों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। कार्यक्रम में अशोक सैनी, दिनेश मिश्रा, विजय पारीक, गोविंद जांगिड़, गोपाल भानजा, तंवर सिंह राठौड़,भंवर सिंह राठौड़, नितेश शर्मा, रतन लाल मिश्रा , भंवर लाल यादव, संतोष भगत सोनी, डाक्टर ए के शास्त्री वृंदावन सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

राजेंद्र सिंह बने कार्यकारिणी के संगठन मंत्री

पावटा। अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा 1897 के संरक्षक ठाकुर गुलचैन सिंह चड़क, पूर्व मंत्री जम्मू कश्मीर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, ठाकुर दिनेश प्रताप सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, व राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. हरेंद्र पाल राणा पूर्व सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग के निर्देशों की पालना में कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जगेंद्र सिंह ने राजेंद्र सिंह शेखावत को अखिल भारतीय क्षित्रय महासभा 1897 प्रदेश कार्यकारिणी के संगठन मंत्री व कोटपूतली, बहरोड़, नीमराना, बानसूर, नारायणपुर, पावटा, विराटनगर का सह प्रभारी के रूप में नियुक्त किया। ठाकुर दिनेश प्रताप सिंह व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जगेंद्र सिंह ने कहा कि यशवंत समुदाय के प्रति समर्पण, सत्यनिष्ठा और सेवा की भावना रखते हैं इसलिए उनको यह जिम्मेदारी दी गई है। ठाकुर दिनेश प्रताप सिंह ने राजेंद्र सिंह को राजपूत समुदाय के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्ग सहित सभी धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए पूर्ण समर्पण और ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करने की सलाह दी और आशा व्यक्त की कि वह समुदाय की शिकायतों को उजागर करेंगे और समाज की भलाई के लिए पूर्ण समर्पण के साथ काम करेंगे।

आतिशबाजी की

राजगढ़ । भाजपा मंडल राजगढ़ की ओर से दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर कस्बे के गोल सर्कल पर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित के नेतृत्व में आतिशबाजी व मिठाई बाँटकर खुशी जाहिर की गई। कार्यकर्ताओ में इस प्रचंड जीत को लेकर कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य नेताओं के नारे लगाकर खुशी जताई । इस अवसर पर विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, पूर्व प्रत्याशी विजय मीना, महंत प्रकाश दास महाराज, खेम सिँह आर्य, लायंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप महावर, मंडल महामंत्री अजय यादव, मंडल महामंत्री चंद्रशेखर सैनी, प्रदीप शर्मा, नंदकिशोर सैनी हुकम परेवा, पार्षद रूप नारायण मीणा, पार्षद धर्मेंद्र रेबारी, उमेश मंडावर (भुल्ली) , पदम चंद गुप्ता, बाबूलाल शर्मा, कालू दादा, तरुण राठिया, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, शेखर तमोली,अशोक पालीवाल, अशोक जांगिड़, तेजसिंह बंजारा, रजनीकांत शर्मा, बाली गुप्ता, पिंटू सैनी, दीपक जांगिड़, लोकेश रावत, कपिल भाल, आलोक शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना शर्मा, किरण, राजेश्वरी शर्मा, पदमा गोयल, मीना खंडेलवाल, सीता जोशी, व काफ़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद थे

खोया पाया

आवास संख्या 31/05/08 मानसरोवर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर / गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। मालोविका गुप्ता मो. 8769170471

आवास संख्या 31/05/07 मानसरोवर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर / गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। मालोविका गुप्ता मो. 8769170471

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज
क्रमांक-एफ-560(सि.ला.जो./उपा/नगिजहै/2025/3752 दिनांक-6/2/25
अनापत्ति आमंत्रण सूचना भूखण्ड संख्या 06 मैसूर हाउस क्षेत्रफल 1041.15 व.ग. का पट्टा सिविल लाईन जोन द्वारा गुरमीत सिंह कुनर के नाम से जारी किया गया है। श्री गुरमीत सिंह कुनर ने उक्त भूखण्ड की वसीयत अपने पुत्र रूपेन्द्र सिंह कुनर के पक्ष में की गयी है। मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयत नामा, शपथ पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री रूपेन्द्र सिंह कुनर के नाम से किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को इस नाम हस